हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 7 जुलाई 2024
नागदा | महिदपुर | तराना | बड़नगर | उन्हेल | घट्टिया | इंगोरिया | खाचरौद | माकड़ोन | कायथा

04 ट्रक ने बाइक सवार युवक को रौंदा, मौत गुस्साए...



07 संसार में रहकर व्यक्ति धर्मात्मा तो बन सकता है...



# उमंग और उत्साह के साथ निकली भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा, गूंजे जयकारे









हरिभूमि न्यूज ▶▶ कानड़

शनिवार सुबह नगर में हर्षोल्लास के साथ अखिल भारतीय चंद्रवंशी खाती समाज द्वारा भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकाली गई। शनिवार सुबह 9 बजे बोरखेड़ी रोड स्थित खाती धर्मशाला में भगवान जगदीश की पूजन आरती कर भगवान जगदीश को सुसज्जित रथ में बैठा कर जगदीश यात्रा शुरू हुई जो कि खाती मोहल्ला,खरंजा चौक, दयानंद मार्ग, कनकेश्वर मंदिर, पुराना बस स्टैंड सारंगपुर रोड से पचलाना रोड होते हुए पुनः खाती धर्मशाला पहुंची जहां भगवान जगन्नाथ की पुजा आरती और भंडारे के साथ यात्रा का समापन किया गया। यात्रा का नगर भ्रमण के दौरान नगर में विभिन्न स्थानों चौराहे पर विभिन्न संगठनों, नगर वासियों द्वारा पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। रथ यात्रा में इंदौर, उज्जैन आदि स्थानों से आए समाजजन तथा समाज के राष्ट्रीय कार्यकारणी के सदस्यों और नगर के समाज के वरिष्ठ लोगों का नगर में जगह जगह सरोफा बांध कर स्वागत किया गया।

### युवाओं में दिखा खासा उत्साह

समाज के युवाओं का रथ यात्रा के प्रति जोश और उत्साह काबिले तारीफ था। भगवान जगन्नाथ को सुसज्जित रथ में विराजित कर युवा वर्ग रस्से से रथ को खींचते हुए चल रहे थे वहीं सड़कों को झाड़ू से साफ करते हुए चल रहे थे।यात्रा में महिलाओं, बच्चों ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया सभी ढोल धमाके और बैंड बाजे के साथ नृत्य करते हुए सड़क पर चल रहे थे। यात्रा में नगर साहित आसपास के गांव से बड़ी संख्या में समाजजन सम्मालित हुए।




### यह रहे आकर्षण का केंद्र

भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा में इंदौर से आए श्रीनिधि डांस ग्रुप के सदस्य राधा कृष्ण की वेशभूषा में चलित रथ पर सवार होकर सुन्दर नृत्य करते यात्रा में चल रहे थे वहीं बग्घी मे सावार कृष्ण, सुभद्रा और बलराम स्वरुप धारण किए कलाकार और सोशल मीडिया के लोकप्रिय कॉमेडी किंग गोपाल दा और राजू सेठ की जोड़ी रथ यात्रा के दौरान आकर्षण का केंद्र रहे। गोपाल दा राजु सेठ की टीम के साथ लोग सेल्फी लेते नज़र आए।

## पर्यावरण महोत्सव, स्वामी विवेकानंद कॉलेज परिसर में 1008 पौधे रोपित किए

# पर्यावरण यात्रा में प्रकृति को सहेजने का संदेश सर्वधर्म सभा से आचार्य ने दी पौधे लगाने की सीख







हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

सुसनेर विधानसभा क्षेत्र के लिए शुक्रवार का दिन पर्यावरण संरक्षण के नाम रहा। पहली बार पर्यावरण संरक्षण को लेकर सुसनेर में अनूठा आयोजन किया गया। जैन आचार्य प्रज्ञासागर महाराज के सानिध्य में एक ही दिन में सर्वधर्म सभा, पर्यावरण यात्रा व वृहद पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जो जिले के लिए सबसे बड़ा पौधारोपण का कार्यक्रम था। इस आयोजन का साक्षी पूरा नगर बना।

1 करोड़ पौधे लगाने का संकल्प लेकर पद यात्रा कर रहे आचार्य प्रज्ञासागर महाराज के सानिध्य में दोपहर 2 बजे त्रिमूर्ति मंदिर में सर्वधर्म सभा का आयोजन किया गया। उसके बाद पर्यावरण यात्रा निकाली गई। जिसमें युवक, युवतियां, महिलाएं, बच्चे और बड़े तथा आम नागरिकों व जनप्रतिनिधियो ने पौधे हाथों में लेकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और स्वामी विवेकानंद कॉलेज परिसर में एक साथ 1008 पौधे रोपित करके वृक्षारोपण के मामले में जिले का रिकार्ड तोड़ा। आयोजन में सांसद रोडमल नागर, पूर्व विधायक राणा विक्रमसिंह, बद्रीलाल सोनी, नप अध्यक्ष प्रतिनिधि राहुल सिसोदिया, नगर परिषद नलखेड़ा अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय सोनी व अन्य अतिथि मोजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन ललित सांवला और आशीष त्यागी ने किया। आयोजन को सफल बनाने में पूर्व विधायक राणा और नगर परिषद का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

### ये रहे आकर्षण का केन्द्र

पर्यावरण यात्रा में वृक्षो से सजी झांकी में भारत माता, स्कूल बैंड व हाथो में विभिन्न प्रजाति के पोधे लिए स्कूली बच्चे, महिलाएं, युवतिया व नगरवासी आकर्षण का केन्द्र बिन्दु थे। सबसे आगे बैंड चल रहा था जिस पर पर्यावरण संरक्षण के भजन गाये जा रहे थे।



### देश को 500 करोड़ पौधों की आवश्यकता

उन्होंने कहा की पतझड़ में सारे पत्ते झड़ जाते हैं, हमारी तरह पेड़ दिगम्बर हो जाते हैं। हमारी रक्षा-सुरक्षा के लिए हमारे जीवन के लिए पेड़ पौधों ने पत्तो का त्याग कर दिया। गर्मी के दिनों में यदि पेड़ पौधे हरे भरे नही होंगे तो न जीव जंतु बचेगे और न ही मानव बचेंगें। हमारा लक्ष्य 1 करोड़ वृक्ष लगाने का है। इस देश को 400 से 500 करोड़ वृक्षों की आवश्यकता है। तेज गति से पेड़ कटते रहे तो तापमान और बढ़ जाएगा। कुछ दिनो पूर्व दिल्ली का तापमान 52 डिग्री पहुँच गया था हम लोग तो 45-47 डिग्री में ही परेशान हो जाते है। इस तापमान को कम करने के लिये हमें पेड़ लगाने की आवश्यकता है।

### अधिक से अधिक पेड़ लगाना हम सबका कर्तव्य : सांसद नागर

कार्यक्रम में अतिथि के रूप में उपस्थित क्षेत्रीय सांसद रोडमल नागर ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सभी देशवासियों को यहां आव्हान कर रहे हैं कि अपनी मां के नाम से एक पौधा जरूर लगाएं। वहीं आचार्य प्रज्ञा सागर जी भी आप सभी से पर्यावरण को बचाने के लिए पौधारोपण करने का आह्वान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण, धरती की रक्षा और आने वाली पीढ़ी के स्वस्थ भविष्य के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाना हम सबका कर्तव्य व दायित्व बनता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सुसनेर क्षेत्र के पूर्व विधायक राणा विक्रमसिंह ने कहां की आचार्य श्री ने जो अपने जीवन में एक करोड़ पौधारोपण करने का संकल्प लिया है, उसे हम सबको भी अपना पूरा सहयोग देकर पर्यावरण व प्रकृति को बचाने के लिए पौधारोपण कर उन पौधों को वृक्ष बनाने की जिम्मेदारी निभाना चाहिए। क्योंकि पर्यावरण बचेगा तभी आने वाली पीढ़ी बचेगी और प्रकृति और पर्यावरण सुरक्षित होगा।

### प्रकृति से जुड़कर जीना सिखिए, पेड़-पौधों से ही हमारा जीवन है : आचार्य प्रज्ञासागर

सर्वधर्म सभा में आचार्य प्रज्ञासागर ने कहा की प्रकृति से जुड़कर के जीना सीखिये, इनकी जड़े हमे औषधी देती है, ये फल देते हैं, फूल देते हैं, क्या नहीं देते हैं। पेड़ कितना ही बूढा क्यो न हो जाये वह फल नही तो छाव तो जरूर देता है, जिस दिन हमारा पृथ्वी पर अंतिम दिन होगा उस दिन हमारा अंतिम संस्कार भी पेड़ की लकड़ियों से ही होगा। उन्होंने कहां की मरना सभी को है, मरने के बाद हमारे संस्कार जीवित रहे इसलिए हम जीते जी 10 पेड़ अवश्य लगाएं। पर्यावरण सुरक्षित रहे। पेड़ का फल सभी धर्म को मिलता है। ये भेदभाव नही करते है, हम भी सभी मिलकर एकता का संदेश देते है। इसलिए हम भी प्रकृति को सहेजने वृक्षारोपण करे। हम आने वाली पीढियो के लिए अभी से कुछ करके जाए। वृक्षो ने हमारे लिए वह दिया जो कार्बनडाई आक्साइड को ऑक्सीजन में परिवर्तित करती है। हमारी जिंदगी के लिये, हमारे जीवन के लिए ये पेड़-पौधे कितने आवश्यक है, इनके बिना तो हमारा जीवन ही संभव नहीं है। प्रकृति को संतुलित बनाए रखने के लिए इस धरती पर पेड़ का होना बहुत आवश्यक है।



# महीनों से बह रहा पानी, हजारों लीटर पानी की हो रही बर्बादी, रहवासी परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा



स्थानीय नगर परिषद की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। कई स्थानों पर नाली का पानी सड़क पर बह रहा है, तो कई स्थानों पर पाइपलाइन अथवा वॉल लीकेज के कारण पानी की बर्बादी हो रही है। नगर के वार्ड क्रमांक 2 नीमा कॉलोनी के कोने पर स्थित राज मेडिकल के समीप पेयजल प्रदाय की पाइपलाइन है। यहां एक वॉल भी लगा हुआ है जहां से पिछले कई महीनों से पानी लीकेज होकर बह रहा है।

रहवासियों के अनुसार जिस दिन नगर परिषद द्वारा उक्त पाइपलाइन से जलप्रदाय किया जाता है उस दिन यहाँ से पानी बहना प्रारम्भ हो जाता है। पानी इतना अधिक बहता है कि कॉलोनी की आधी गली तक फैल जाता है। रहवासियों के अनुसार पानी सड़क पर बहने से कीचड़ भी होता है और दिनभर गंदगी पसरी रहती है। उनके अनुसार इस संबंध में कई बार नगर परिषद के जिम्मेदारों को अवगत करवाया जा चुका है लेकिन आज तक उक्त लीकेज को ठीक नही किया गया है। एक ओर सरकार जल संरक्षण के लिए लगातार जन जागरूकता अभियान चला रही है वही दूसरी ओर नगर में पाइपलाइन अथवा वॉल लीकेज होने से एक दिन छोड़कर होने वाले जलप्रदाय के दौरान हजारों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है। पानी की इस बर्बादी को आखिर नगर परिषद क्यों नही रोक रही है ? यह सवाल अनसुलझा ही है। नगर परिषद द्वारा तत्काल उक्त लीकेज को दुरुस्त कर रहवासियों की परेशानी को दूर किये जाने के साथ ही पानी की बर्बादी को रोका जाना चाहिए।

### इनका कहना है

आपके द्वारा मामला संज्ञान में आया है। जल कार्य प्रभारी को निरीक्षण के लिए भेजा जाएगा और समस्या का निदान किया जाएगा।

**पवन फूलफकीर,** प्रभारी सीएमओ नगर परिषद नलखेड़ा

### अतिथि शिक्षकों की विभिन्न मांगों को लेकर उप मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री से भेंट की



**नलखेड़ा।** प्रदेश के अतिथि शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं को लेकर संघ की प्रदेश उपाध्यक्ष ने उप मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री से भेंटकर उन्हें इस संबंध में अवगत कराते हुए अतिथि शिक्षकों की समस्याओं का शीघ्र निराकरण किए जाने की मांग की गई। अतिथि शिक्षक संघ की प्रदेश उपाध्यक्ष तथा भाजपा महिला मोर्चा महामंत्री अर्चना नागर ने भोपाल मंत्रालय में उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, प्रदेश के शिक्षा मंत्री से भेटकर उन्हें अतिथि शिक्षकों की समस्याओं से अवगत करवाया गया जिसमें 12 माह अनुबंध व वेतन संबंधित मांगों के साथ अन्य मांगे रखी गई। एवं जल्द ही शिक्षकों की मांगो को पूरा करने का निवेदन किया। श्रीमती नागर ने नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से भी मुलाकात की एवं उन्हें भी शिक्षकों से संबंधित समस्याओं के बारे में अवगत करवाया। इस मौके पर उन्होंने उपमुख्यमंत्री एवं सभी मंत्रियों का मां बगलामुखी का चित्र भेंट कर सम्मान किया।

## हवन-अनुष्ठान कर लिया मां का आशीर्वाद

# गुप्त नवरात्रि के प्रथम दिन मां बगलामुखी के दरबार में बड़ी संख्या में पहुंचे माता भक्त



**नलखेड़ा।** मां बगलामुखी मंदिर पर गुप्त नवरात्रि के प्रथम दिन माता रानी का मनोहारी आकर्षक श्रृंगार किया गया। प्रातःकाल से ही दर्शनार्थी भक्त माता रानी के दर्शनार्थ के लिए मंदिर पहुंचने लगे थे। जिनके द्वारा मातारानी के दर्शन कर मंदिर परिसर में ही हवन-अनुष्ठान कर मां का आशीर्वाद लिया गया। आषाढ़ मास की गुप्त नवरात्रि के प्रथम दिन शनिवार को देश के विभिन्न स्थानों से भक्त मातारानी के दर्शन हेतु मंदिर पर पहुंचे। प्रात काल से लेकर देर शाम तक भक्तों का आना जारी रहा। मातामंदिर पर पहुंचे इन भक्तों द्वारा हवन-अनुष्ठान, जप, तप जैसे धार्मिक कार्य विधि विधान से किए जा कर अपनी मनोकामना पूर्ति के लिए मां के समक्ष प्रार्थना भी की गई तो कई भक्तों द्वारा माता रानी के दर्शन कर परिवार की सुख समृद्धि की कामना की गई।

## वाहनों पर नहीं है स्कूल का नाम, ठूंस-ठूंस कर भर रहे बच्चे

# वाहनों के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद भी नहीं हो रहा नियमों का पालन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर स्कूल वाहनों के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद भी स्थानीय स्तर पर जिम्मेदार शिक्षा माफियाओं से स्कूल वाहन संचालन के शासन के नियमों का पालन नही करवा पा रहे हैं। शायद स्थानीय स्तर पर भी किसी दुर्घटना का इंतजार किया जा रहा है। शनिवार को प्रदेश के ग्वालियर के डबरा में चलते स्कूली वाहन में आग लग गई एवं शाजापुर जिले के अकोदिया में एक स्कूल वेन पलटी खा गई जिसमें कई बच्चे घायल हो गए। एक ही दिन में हुई दो दुर्घटनाओं के बाद भी नलखेड़ा विकासखंड में शिक्षा माफियाओं द्वारा शासन के नियम, कानूनों की धज्जियां उड़ाते हुवे लगातार नियम विरुद्ध स्कूल वाहनों का संचालन किया जा रहा है जिन्हें जिम्मेदार विभाग के अधिकारी या तो रोक नही रहे है या रोक पाने में सफल नही हो पा रहे है। जिससे ऐसा प्रतीत होने लगा है कि स्थानीय शिक्षा माफिया सरकार व सरकारी महकमे से भारी है।



शनिवार को नगर में ऐसे कई स्कूल वाहन क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाकर निकलते रहे, कई वाहनों में तो बच्चों को ठूंस ठूंस कर भर रखा था। आश्चर्यजनक तथ्य यह भी है कि ऐसे वाहनों पर ना तो सम्बंधित स्कूल के नाम लिखे हुवे थे ना ही स्कूल के संपर्क नंबर लिखे हुवे थे। ऐसे में यदि कोई वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो जाये तो यह भी पता नही लग सकता है कि यह किस स्कूल का वाहन है। अब तो ऐसा लगने लगा है कि स्थानीय स्तर पर शिक्षा माफियाओं द्वारा शिक्षा को व्यापार बना दिया गया है उसमें वे और अधिक कमाई करने के चक्कर में अपने ही स्कूल में अध्ययनरत छात्र छात्राओं की सुरक्षा से भी खिलवाड़ करते हुए एक वेन में दो से तीन वेन के बच्चों को बैठाकर उनकी जान खतरे में डाल रहे है।

सरकार कितने ही सख्त कानून बना दे लेकिन स्थानीय जवाबदार अधिकारी जब तक उस कानून का सख्ती से पालन नही करवाएंगे तब तक शिक्षा माफियाओं पर कोई असर होने वाला नही है। जिम्मेदारों को मासूम नोनिहालों की सुरक्षा के लिए तत्काल कदम उठाते हुए नगर में स्कूल वाहनों की लगातार और सख्ती से चेकिंग की जाना चाहिए। जिसमें गैर स्कूली वाहनों, वाहनों पर स्कूलों के नाम नहीं होने एवं क्षमता से अधिक बच्चें होने पर वाहनों को राजसात करने जैसी कार्यवाही की जाना चाहिए।

### इनका कहना है...

हमारे द्वारा नगर में संचालित स्कूलों के संचालकों से बसों के फिटनेस के साथ ड्राइवर का प्रमाणीकरण मांगा गया है।

**शशि उपाध्याय,** थाना प्रभारी नलखेड़ा

### निरीक्षण किया जाएगा

हमारे द्वारा जांच दल का गठन किया गया है, साथ ही स्कूल वाहनों का औचक निरीक्षण भी किया जाएगा।

**दिनेश त्रिवेदी,** बीईओ विकासखंड नलखेड़ा

**खबर संक्षेप**

## अधिभार में विशेष छूट हेतु आयोजित होगा कैंप

**देवास।** सम्पत्ति कर एवं जलकर के बकायादारों के लिए अपने बकाया करों को निगम में जमा करने के लिए 13 जुलाई शनिवार को एक दिवस हेतु मध्यप्रदेश शासन की ओर से सम्पत्तिकर व जलकर के बकाया करों पर विशेष छूट प्रदान की गई है। उल्लेखनीय है कि मई माह में लोकसभा निर्वाचन आदर्श आचार संहिता लागू होने के कारण आयोजित नेशनल लोक अदालत में बकाया करों के जमा करने पर छूट का लाभ नहीं दिया गया था। 13 जुलाई शनिवार को शासन आदेशानुसार एक दिवस हेतु नेशनल लोक अदालत की तर्ज पर विशेष छूट दी जाने हेतु सम्पत्तिकर एवं जलकर के बकाया करों को एकमुश्त जमा करने पर अधिभार में नियमानुसार छूट दिए जाने हेतु विशेष केम्प आयोजित किया जा रहा है जिसमें सम्पत्ति कर एवं जलकर के बकाया कर दाताओं द्वारा अपने बकाया करों को जमा करने पर लगने वाले सरचार्ज पर नियमानुसार छूट का लाभ दिया जा रहा है। बकाया कर दाता अपने बकाया करों की राशि एकमुश्त जमा कर छूट का लाभ ले सकते है। आयुक्त रजनीश कसेरा ने सम्पत्ति कर एवं जलकर के सभी बकायादारों से अपील की है कि 13 जुलाई शनिवार को आयोजित केम्प में अपने बकाया करों को जमा करें तथा अधिभार में दी जा रही छूट का लाभ लें।

## ऐकेडमिक कान्वेंट स्कूल में पौधा वितरण संपन्न

**देवास।** ऐकेडमिक कान्वेंट स्कूल में विद्यालय समिति के अध्यक्ष स्व.ब्रज श्रीवास्तव की स्मृति में हरियाली के महत्व को देखते हुए बड़े पैमाने पर विद्यालय के छात्र छात्राओं और अभिभावकों को हजारों पौधों का वितरण किया गया। साथ ही वन विभाग के रिटायर्ड अधिकारीगण प्रदीप खरे एवं चंद्रकांतसिंह परिहार द्वारा पौधों के महत्व और पोधे लगाने से तापमान नियंत्रित होता है इस संदर्भ में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बालकृष्ण श्रीवास्तव, राम श्रीवास्तव, मोहित श्रीवास्तव उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय डायरेक्टर एडव्होकेट मनोज श्रीवास्तव ने किया आभार प्राचार्य निशि इंदुराज ने माना।

### भोपाल रोड पर हुई दुर्घटना, ग्रामीणों ने कर दिया चक्काजाम

# ट्रक ने बाइक सवार युवक को रौंदा, मौत गुस्साए परिजनों ने वाहनों में की तोड़फोड़

**हादसे के बाद परिजन और ग्रामीण आक्रोशित हो गए और चक्काजाम कर दिया, आक्रोशित लोगों ने मार्ग पर खड़े लगभग आधा दर्जन वाहनों पर पत्थर मारकर कांच फोड़ दिए**



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शनिवार सुबह भोपाल रो पर हुए एक सड़क हादसे के बाद एक युवक की मौत हो गई। सूचना के बाद क्षेत्र के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और मार्ग से निकलने वाले 5 वाहनों में तोड़ फोड़ कर दी। वही भोपाल इंदौर मार्ग पर चक्काजाम किया, जिसके चलते भोपाल रोड पर 5 किमी तक वाहनों की कतार लग गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची बीएनपी पुलिस ने नाराज लोगों को समझाया। इसके बाद शव वाहन से मृतक का शव पीएम के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार धर्मेंद्र पिता भागवत सिंह सिसोदिया निवासी खटांबा उम्र 25 वर्ष को शनिवार सुबह अपने घर से पूजन सामग्री लेने के लिए देवास के लिए निकला था। तभी सेंट्रल इंडिया स्कूल के सामने उसकी बाइक को



अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। परिजनों को जैसे ही सूचना मिली वे मौके पर पहुंच गए। हादसे के बाद ग्रामीणों ने भोपाल रोड पर चक्काजाम कर दिया। मृतक अविवाहित था और आईएएस की तैयारी कर रहा था। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। बताया जा रहा है कि हादसे के बाद मृतक का शव मार्ग पर पड़ा था। लेकिन वहां से गुजर रही एक जेसीबी मशीन चालक ने शव को जेसीबी से मार्ग के किनारे कर दिया। जिसके बाद ग्रामीण भड़क गए और चक्काजाम करने के साथ जेसीबी मशीन चालक को बुलाने की मांग करते रहे। साथ ही जिस जेसीबी चालक ने मृतक के शव को खींचा था, उस पर भी कार्रवाई करने की बात कही। पुलिस ने समझाइश दी और आश्वासन दिया उसके बाद ग्रमीणों ने चक्काजाम समाप्त किया। इस दौरान आक्रोशित लोगों ने मार्ग पर खड़े लगभग आधा दर्जन वाहनों पर पत्थर मारकर कांच फोड़ दिए। भोपाल से पीथमपुर जा रहे आइशर चालक शैलेन्द्र सिंह निवासी उत्तरप्रदेश ने बताया कि आगे जाम लगा था हमने हमारा वाहन रोक दिया था आगे से एक व्यक्ति आया और पत्थर मारने लगा एक मेरे हाथ में भी लगा। अब मेरी क्या गलती थी। वाहन का शीशा तोड़ दिया। वाहनों में एक बस भी शामिल थी जिसमें यात्रीगण बैठे थे। मामले में पुलिस का कहना है कि दो वाहनों के कांच फोड़े है जिस पर कार्रवाई की जाएगी। मौके पर एसडीएम बिहारी सिंह, बीएनपी थाना प्रभारी अमित सोलंकी कोतवाली थाना प्रभारी दीपक यादव यातायात थाना प्रभारी पवन बागड़ी सहित पुलिस जवानों ने मोर्चा संभाला। चक्काजाम करीब डेढ़ घंटे तक जारी रहा, पुलिस की समझाईश के बाद शव को जिला चिकित्सालय पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।



# जिले की शालाओं में सीडबॉल से पौधरोपण अभियान जारी

**70 शालाओं में किया गया पौधरोपण**




**देवास।** शालाओं में हुए पौधरोपरण कार्यक्रम में शामिल हुए कलेक्टर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

कलेक्टर ऋषव गुप्ता एवं जिला पंचायत सीईओ हिमांशु प्रजापति के मार्गदर्शन में प्रकृति के संरक्षण हेतु सीडबॉल से पौधरोपण रूपी अभियान देवास विकासखंड की शालाओं के साथ जिले में महाअभियान का रूप ले चुका है। बीआरसी किशोर वर्मा के अनुसार कलेक्टर द्वारा 20 दिन पूर्व स्कूल चलें हम अभियान अंतर्गत प्रकृति के संरक्षण हेतु चलाए जा रहे अभियान में सीडबॉल से पौधरोपण के लिए प्रेरित किया था।

इस दिशा में जिला शिक्षा अधिकारी हरिसिंह भारती एवं डीपीसी प्रदीप जैन द्वारा जिले की प्राथमिक/माध्यमिक शालाओं हेतु 10 लाख एवं हाईस्कूल/हायर सेकंडरी स्कूल हेतु पांच लाख सीडबॉल बनाने का लक्ष्य रखा गया था। लक्ष्य के अनुरूप जिले की समस्त शालाओं में उत्साह के साथ विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा सीडबॉल बनाई गई। इसमें मुख्य रूप से काली मिट्टी, उपलब्धता अनुसार जैविक खाद, बच्चों एवं शिक्षकों द्वारा एकत्रित बीज एवं अखबारी कागज का उपयोग किया गया। मिट्टी व खाद के साथ थोड़ी मात्रा में पानी मिलाकर छोटी-छोटी लोई लेकर उसके अंदर बीज रखकर गोल बॉल बनाकर उस पर अखबारी पेपर लपेटा जाता है। पेपर नमी सोखकर बीज को बॉल के रूप में दीर्घ अवधि तक सुरक्षित रखता है। सीडबॉल से पौधरोपण करने पर बीज के अच्छे अंकुरण के साथ पोषक तत्व मिलने से पौधे का विकास तीव्र होने के साथ, बीज को भी जमीनी कीट-पतंगों से सुरक्षा प्राप्त होती है। शनिवार से देवास विकासखंड की शालाओं सहित जिले में से सीडबॉल रोपण की शुरुआत की गई। सीडबॉल रोपण अभियान के प्रथम दिवस देवास विकासखंड की 70 शालाओं सहित जिले की अनेक शालाओं में शाला परिसर, रिक्त भूखंड सहित नदी-नालों के तटीय क्षेत्रों तथा पहाड़ी इलाकों में व्यापक रूप से सीडबॉल का रोपण जनप्रतिनिधि, अधिकारियों की उपस्थिति में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा किया गया। आगामी दिनों में भी अभियान अंतर्गत सीडबॉल रोपण का कार्य जारी रहेगा।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान, करनावद गोशाला परिसर में किया पौधरोपण

**चापडा।** एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत शनिवार को नगर परिषद करनावद द्वारा कर्णेश्वर गो सेवा धाम पर पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष परसराम पाटीदार , उपाध्यक्ष राजेश गोयल, सीएमओ मुरली राठौड़ एवं समस्त पार्षद उपस्थित रहे। इस दौरान सभी को रोपें गए पौधों की देखभाल का संकल्प भी दिलाया गया।



## राधागंज देवास में विधिक साक्षरता शिविर संपन्न



**देवास।** द हिमालय एकेडमी, राधागंज, देवास में 06 जुलाई को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रधान जिला न्यायाधीश अजय प्रकाश मिश्रा के मार्गदर्शन में एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अभिलाषा मवार के मार्गदर्शन में बाल संर्वधन एवं सरंक्षण अभियान के अंतर्गत विधि जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में रश्मि खुराना (प्रथम श्रेणी न्यायाधीश) रॉबिन दयाल (जिला विधिक सहायता अधिकारी) रूक्मणी परमार एवं घनश्याम मोदी उपस्थित रहे। न्यायाधीश रश्मि खुराना ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को न्यायालय की प्रक्रिया एवं न्यायालय के क्षैत्र में करियर के संबंध में मार्गदर्शन दिया। न्यायाधीश द्वारा संविधान के मूल अधिकार, मूल कर्त्तव्य एवं बालकों के विधिक अधिकार की जानकारी दी गई। एलएलएम एवं एलएलबी. करने के पश्चात विभिन्न क्षेत्रों में करियर बनाया जा सकता है। न्यायपालिका के अतिरिक्त भी इस क्षैत्र में रोजगार के व्यापक अवसर है। जिला विधिक सहायता अधिकारी रॉबिन दयाल ने विद्यार्थियों से संबंधित कानून एवं महत्वपूर्ण नंबरों की जानकारी विद्यार्थियों को प्रदान की। जिला विधिक सहायता अधिकारी द्वारा विधिक सेवा प्राधिकरण विधि सहायता योजना के बारे में जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिसर में पौधरोपण प्रथम श्रेणी न्यायाधीश रश्मि खुराना एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी रॉबिन दयाल द्वारा किया गया।

# ग्रामीण व बच्चों ने किया सीडबॉल से वृहद पौधरोपण




हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली

कलेक्टर ऋषव गुप्ता के निर्देश पर सीडबॉल निर्माण के साथ शनिवार को संपूर्ण जिले में पौध रोपण की श्रृंखला में शासकीय कन्या हाई स्कूल संकुल अंतर्गत संकुल प्राचार्य पं वासुदेव जोशी के मार्गदर्शन में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत संचालित सामाजिक चेतना केंद्र व संबंधित शालाओं में वृहद पैमाने पर पौध रोपण कार्य संपन्न हुआ।

इस श्रृंखला में ग्राम मालीपुरा, सेवन्याखुर्द तथा कैलाश नगर में संकुल सहसमन्वयक वारिस अली की उपस्थिति तथा सक्रियता से प्रधानाध्यापक व पदेन नोडल अधिकारी नवभारत साक्षरता कार्यक्रम शिवचरण भटुनीया, कैलाश चौहान तथा नेमीचंद भुसारिया शिक्षक विक्रम सिंह पंवार, भारत भिलवारे आदि ने बच्चों द्वारा निर्मित सीडबाल से शासकीय गोचर भूमि, खेतों की मेढ तथा स्कूल में रोपण कार्य किया।इस अवसर पर नवसाक्षर, अक्षर साथी,असाक्षर,पंच आदि के साथ अभिभावक गण भी उपस्थित रहे। इस क्रम में संकुल के सभी सामाजिक चेतना केंद्र तथा संबंधित शालाओं में वृहद स्तर पर सीडबाल से पौधरोपण संपन्न हुआ।

# होम गार्ड दल ने छात्राओं को दिया आपदा प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

भारत स्काउट एंव गाइड जिला संघ देवास के सचिव हेमेंद्र निगम काकू ने बताया कि शासकीय नारायण विद्या मंदिर क्र 1देवास में आपदा प्रशिक्षण शिविर जिला होम गार्ड के आपदा प्रबंधन दल की प्लाटून कमांडर बीना कौशल, संस्था प्राचार्य पम्मी नाथ के मुख्य आतिथ्य में, जिला संघ अध्यक्ष मनोज जोशी की अध्यक्षता में व जिला संघ उपाध्यक्ष एन के जोशी के विशेष आतिथ्य में किया गया। प्रशिक्षण के दौरान बीना कौशल ने बताया कि आपदा क्या है, कितने प्रकार की होती है। कांस्टेबल दीपक कुमार ने भूकंप के बारे में बताया, कांस्टेबल गोलू कुमार ने कृत्रिम स्वांस कैसे दी जाती है अग्नि शमन यंत्र के उपयोग के बारे में जानकारी दी। साथ ही स्काउट एवं गाइड ने जरूरत पड़ने पर कृत्रिम स्वांस किस प्रकार दी जाती है उसका अभ्यास भी किया । इस



अवसर पर शा उ मा वि खरेली,सी एम राइज चिड़ावद,शा नूतन उ मा वि देवास,शा महा चिमनाबाई क उ मा वि देवास,शा ना वि मंदिर क्र 1 देवास के स्काउट-गाइड रोवर-रेंजर व स्काउटर- गाइडर उपस्थित थे।कार्यक्रम का संचालन प्रचार प्रसार सचिव जितेन्द्र मंडलोई ने किया व आभार जिला संगठन आयुक्त स्काउट मनोज पटेल ने माना।

### ग्राम ओंकारा में ग्रामीणों को सीएसआर मद से 500 धुआं रहित चूल्हे किए वितरित

# धुआं रहित चूल्हे के कारण लकड़ी की खपत होगी कमः कलेक्टर




हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने खिवनी अभ्यारण के पास स्थित ग्राम ओंकारा में ग्रामीणों को बेयर लॉकर कम्पनी द्वारा सीएसआर मद से दिए गए 500 धुआं रहित चूल्हों का वितरण किया। इस दौरान कलेक्टर गुप्ता ने कहा कि इन चूल्हों की खासियत है कि इनमे खाना बनाने के लिए सामान्य घरेलू चूल्हे की तुलना में 50 से 55 प्रतिशत कम लकड़ी की आवश्यकता होती है, लकड़ी के जलने से निकलने वाला धुंआ भी लगभग 70 प्रतिशत कम होता है। साथ ही चूल्हे को जरूरत के अनुसार आसानी से एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जा सकते हैं। गुप्ता ने वन क्षेत्र के आसपास के ग्राम ओंकारा में ग्राम कंकड़दी, पटरानी, विक्रमपुर के ग्रामीणों से संवाद किया। कलेक्टर ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और संबंधितों को समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने ग्राम ओंकारा में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण कर बच्चों से चर्चा की और अच्छे भविष्य के लिए मार्गदर्शन दिया। कोडिंग फॉर ऐवरीवन अभियान में कोडिंग अच्छे से सीखने पर पांच विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र का वितरण किया। स्कूल परिसर में पौधा रोपण भी किया। स्कूल के अच्छे से संचालन पर प्रिंसिपल हाई सेकंडरी स्कूल ओंकारा हरेंद्र सिंह सेंधव को बधाई दी। कलेक्टर ने सतवास तहसील से ग्राम सेमली खुर्द एवं खपरास में ग्राम चौपाल लगाकर सभी ग्रामीणजनों की सामूहिक समस्याओं को एक-एक कर सुना। ग्रामीणजनों से स्कूल के भवन की स्थिति, उसमें परीक्षा का स्तर, शिक्षकों की उपस्थिति, आंगनबाड़ी में बच्चों की उपस्थिति, पोषण आहार वितरण, कृषकों को खाद वितरण, पात्रता पर्ची लाभार्थियों को खाद्यान्न वितरण की स्थिति, पेय जल, विद्युत कनेक्शन, ट्रांसफॉर्मर सुधार, ग्राम एवं सुदूर सड़क सुधार संबंधी समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को समस्याओं का निराकृत के निर्देश दिए।

# निजी खर्चे से महिलाओं को कराया नर्मदा स्नान




हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली

आषाढ़ कृष्ण अमावस्या के अवसर शुक्रवार को नप बागली उपाध्यक्ष आरती विपिन शिवहरे के व्दारा वार्ड क्रमांक 1 व 2 कि महिलाओं को बस से ओंकारेश्वर ले जाकर माँ नर्मदा में स्नान कराया गया। आरती विपिन शिवहरे ने बताया कि अमावस्या के अवसर पर नगर की मात्रशक्तियों को माँ नर्मदा स्नान के साथ श्री ममलेश्वर महादेव ओर भगवान ओंकारेश्वर के दर्शन कराए गए। नगर व क्षेत्र की सुख शांति की कामनाओं के साथ यह यात्रा की जाती है,इस यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं सम्मिलित हुई। नाव द्वारा माँ नर्मदा के बीचो बीच पहुँचकर महिलाओं ने चुनरी चढ़ाई। इस यात्रा में ओम महाशक्ति ग्रुप व विपिन शिवहरे मित्र मंडल बागली का भी सहयोग रहा है।

खबर संक्षेप

## युवक-युवतियों का होगा परिचय सम्मेलन

**आष्टा।** मप्र मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज प्रांतीय संगठन व मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज देवास के संयुक्त तत्वावधान में 11 अगस्त को सुबह 9 बजे से देवास में स्वर्णकार समाज के सभी वर्गों के विवाह योग्य युवक युवतियों के लिए परिचय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। उक्त जानकारी मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज के प्रदेश सचिव देवीलाल सोनी व मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज आष्टा के पूर्व अध्यक्ष कैलाश सोनी पांचम ने देते हुए बताया कि परिचय सम्मेलन में पूरे देश भर से हज़ारों समाज बंधु व प्रत्याशी हिस्सा लेंगे। स्वर्णकार समाज की देश भर की प्रमुख सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी व प्रमुख राजनीतिक हस्तियां कार्यक्रम में अतिथि रहेंगे। जिनके द्वारा परिचय पत्रिका का विमोचन किया जाएगा। जिसके पश्चात प्रत्याशियों को परिचय पत्रिका का निशुल्क वितरण होगा। परिचय सम्मेलन को सफल बनाने के उद्देश्य से संगठन द्वारा प्रत्याशियों को मंच पर आकर अपना परिचय देना अनिवार्य रखा गया है। कार्यक्रम में अन्य प्रदेशों व दुरूस्थ क्षेत्रों से पहुंचने वाले प्रत्याशियों के लिए संगठन द्वारा पूर्व सूचना पर निशुल्क आवास व्यवस्था व कार्यक्रम में उपस्थित सभी समाज बंधुओं के लिए निशुल्क भोजन व्यवस्था भी उपलब्ध करवाई जाएगी।

## मंडी में 4 हजार क्विंटल अनाज की हुई आवक

**आष्टा।** इस समय विकासखंड क्षेत्र में लगभग किसान बोवनी कार्य से निपट चुके हैं। इसके चलते बोवनी के दौरान जो सोयाबीन व अन्य जिंस बच गए हैं, उन्हें मंडी में बेचने के लिए किसान पहुंच रहे हैं। जिससे आवक में भी बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। मंगलवार को मंडी में 14 हजार 532 क्विंटल की आवक दर्ज हुई। मंगलवार को कृषि उपज मंडी भाव में गेहूं लोकवन 2570 से 3121, गेहूं सुजाता 3005 से 3814, गेहूं पूर्णा 2566 से 2890, गेहूं मालवराज 2371 से 2571, गेहूं मिल 2461 से 2565, चना कांटा 4352 से 6500, चना मौसमी 6000 से 6505, सोयाबीन पीला 2000 से 4452, मसूर 2001 से 6231, राई 4900 से 5300, प्याज 400 से 3022, लहुसन 4500 से 18900 के भाव बिका। वही अधिकतर किसान अपनी उपज को बेचकर कृषि उपकरण और खाद, दवाई खरीद रहे है। तकि आने वाले समय में फसलों की अच्छे से देखभाल कर सके।

### विनम्र सागर महाराज ने दिगंबर जैन किला मंदिर पर दिए आशीष वचन

# संसार में रहकर व्यक्ति धर्मात्मा तो बन सकता है, लेकिन परमात्मा नहीं: मुनिश्री

जहां तक संत नहीं पहुंच सकते वहां श्रावक पहुंचकर धर्म आराधना और महावीर का परचम लहराते हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



जहां तक संत नहीं पहुंच सकते वहां श्रावक पहुंचकर धर्म आराधना और महावीर का परचम लहरा देते हैं। आचार्य विद्यासागर महाराज ने जीवन के चार बड़े सुख बताए,जो घर पर बिस्तर में पड़े रहने से नहीं मिलते है। जबकि दोयम छोटे-छोटे सुख घरों पर मिल जाते हैं। साधना-आराधना के लिए मंदिर जी है। संयमी को क्या देगा और एक संयमी असंयमी से क्या लेगा। संसार में रहकर व्यक्ति धर्मात्मा तो बन सकता है ,लेकिन परमात्मा नहीं बन सकता है। उक्त बातें संत शिरोमणि आचार्य भगवंत विद्यासागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि श्री विनम्र सागर महाराज ने श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर आशीष वचन देते हुए कहीं। समाज के नरेन्द्र गंगवाल ने प्रवचन की जानकारी देते हुए बताया कि मुनिश्री ने कहा कि व्यक्ति को स्वयं पुरुषार्थ करना होगा।

### लौकिक-पारलौकिक शिक्षा के लिए घर से बाहर निकलना होगा

मुनिश्री ने कहा कि गुरुदेव आचार्य विद्यासागर महाराज कहते थे कि चार बड़े सुख बिस्तर पर पड़े -पड़े नहीं मिलता है। ज्ञान प्राप्त करने के लिए आपको लौकिक हो या पारलौकिक शिक्षा के लिए घर से बाहर ही जाना पड़ेगा। अर्थात शैक्षणिक संस्थानों व मंदिरों पर। सुख बिस्तर पर नहीं मिलता, प्रेम का सुख कहां मिलेगा, दीवारों को चाटने से प्रेम का सुख नहीं मिलता। तीसरा परोपकार का सुख दूसरों पर परोपकार करने पर मिलेगा।

### साधुओं ने प्राण न्योछावर कर दिए लेकिन धर्म नहीं छोड़ा

मुनिश्री विनम्र सागर महाराज ने कहा कि सालों पहले करीब दो हजार साधुओं को सूली पर चढ़ाया। उन्होंने प्राण न्यौछावर कर दिए,लेकिन धर्म नहीं छोड़ा।राहतगढ़ में सूली वहां की नदी के समीप बनी हुई है। सुदर्शन सेठ को सूली पर चढ़ना पड़ा। परोपकार से जैन धर्म मिला है। अनेक तपस्वियों के गर्म खून के कारण यह जिनालय,जैन धर्म मिला है।

### पहले 8 घंटे के लिए संयुक्त रूप से बिस्तर मिलता था, आज 24 घंटे लग्जरी बिस्तर

मुनिश्री ने कहा पहले माता बिस्तर बिछा देती थी शाम के समय, लेकिन उठाना अपने को पड़ता था । पहले आठ घंटे के लिए बिस्तर मिलता था। लग्जरी कमरे में आज चौबीस घंटे बिस्तर बिछा रहता है।

### प्रेम का सुख मोक्ष मार्ग पर मिलता है

मुनिश्री ने कहा प्रेम का सुख तो मोक्ष मार्ग पर मिलता व दिखता है। चौथा भक्ति का सुख जो घर पर नहीं मिलता है। साधना के माहौल के लिए मंदिर जी है।जो हमारी बातों को ध्यान से सुनता है, वह हमारे परिवार का सदस्य है, उसे बचाना हमारा दायित्व है। अगर भक्ति करते समय मन- हृदय एकाग्रचित्त रहेगा तो पुण्य अर्जित होता है ।आप अगर गूंगा बनकर भक्ति करते हैं तो भगवान बहरे है, एकाग्रता से भक्ति करोंगे तो भगवान भी प्रसन्न होंगे।सत्य की प्राप्ति एकांत में होती है।

### जिसका पुण्य जिसके काम आएगा

मुनिश्री ने कहा कि आपके पुण्य से पूरा परिवार नहीं तरता, परिवार के सदस्य को स्वयं पुण्य करना होगा। हम मिथ्यात्व से बचा सकते हैं। किसी भी साधु को स्वार्थ नहीं रहता और लोभ भी नहीं रहता है।एक असंयमी व्यक्ति संयमी को क्या देगा और एक संयमी असंयमी से क्या लेगा। मंदिर से कषाय रहित जीवन, शांति मिली उसके बदले में श्रद्धालु ने धन संपदा मंदिर में अर्पित की।आज फर्स्ट जनरेशन के साधु और श्रावक चलें गए।आज सेकंड जनरेशन पर जिम्मेदारी है ,उसमें आप और हम है। मुनि विनम्र सागर महाराज ने कहा कि भू-गर्भ की निकली प्रतिमा बताती है कि यहां पर हमारी आराधना करने के लिए हजारों लोग थे। माता शत्रु और पिता बेरी है जो अपने बच्चों को धर्म आराधना से नहीं जोड़ते हैं। मुनिश्री ने कहा मिथ्या दृष्टि को सम्यक दृष्टि बना सकते हैं ऐसे उपनयन संस्कार के आयोजन से । किसी भी श्रावक चले गए।

### किला मंदिर में संपन्न हुआ विधान

श्री पंच परमेष्ठी विधान के आयोजक राजेश कुमार जैन - इंजीनियर मयूर जैन बुधवारा थे। श्री पंचपरमेष्ठी महामण्डल विधान पूजन ( संगीतमय) मुनिश्री विनम्र सागर महाराज ससंघ के पावन सानिध्य में गुरुवार को प्रातः 7:30 बजे से प्रारंभ होकर श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर जी में अर्ध्य अर्पित कर सम्पन्न हुआ। अधिक से अधिक संख्या में श्री जिनेंद्र देव की भक्ति आराधना में श्रावक-श्राविकाओं ने शामिल होकर पुण्य अर्जन किया।

# पपनासा नदी की रेलिंग टूटी, हो सकता है हादसा

### पहले हो चुकी है तीन लोगों की मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

पपनासा नदी पर बने रपट की रेलिंग निकल गई है। ऐसे में बारिश के समय पर रपटे पर पानी आने पर हादसा हो जाता है। आष्टा-बफापुर के मुख्य मार्ग पर बने रपट पर कुछ साल पहले एक बोलेरो बह गई थी। इसमें तीन लोगों की मौत हो गई थी। अब तक इस रपट पर रेलिंग नहीं लगी है। इस रपटे की हालत दिनों दिन खराब होती जा रही है। यहां पर एक बड़ा गड्ढा हो चुका है, जिसकी वजह से कई बार एक्सीडेंट भी हो चुके हैं। लोगों ने आरोप लगाया कि गड्ढे के कारण होने वाली परेशानी के बारे में जब ठेकेदार से इसकी मरम्मत को भी कहा गया। इसके बावजूद ठेकेदार ने गड्ढे की मरम्मत अब तक नहीं कराई। यह रोड इछावर तहसील सहित कई ग्रामों के मुख्य मार्ग बना है। यहां से लोगों की आवाजाही बनी रहती है। अब बारिश आ चुकी है। ऐसे में हादसा होने का डर बना रहता है। पूर्व सरपंच हरि सिंह वर्मा का कहना है कि यहां पर कई बहुत सारे लोग की मोटरसाइकिल गिर गई है। कई बार लोगों को गंभीर चोटें आई हैं। पिछली बारिश में कंक्रीट बह गया था तब से ही यह गड्ढा पड़ा हुआ है। अभी तक ठेकेदार द्वारा मरम्मत नहीं की। करीब 6 साल पहले एक बोलेरो कार बह गई थी। इसमें तीन लोगों की मौत हो गई थी। पुलिस ने रेस्क्यू कराकर लोगों को बाहर निकाला था। लोगों ने यह मार्ग बनाने वाले ठेकेदार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। लोगों ने कहा कि ठेकेदार से शिकायत के बाद भी उसने निराकरण नहीं कराया। यही नहीं गांव के रामचंद्र मालविया मुगली का कहना है कि रोड में बहुत सारे गड्ढे हैं। मॉडल हाई सेकेंडरी स्कूल के सामने जब छुट्टी होती है, तो बच्चों को दुर्घटना होने की संभावना है। वहां पर भी बड़े-बड़े गड्ढे हो चुके हैं। इनको भी सहीं नहीं कराया गया। लोगों ने बताया कि भोपाल नाके पर बोर्ड लगा है। उसके ऊपर ठेकेदार द्वारा मरम्मत का कार्य 2026 तक है लेकिन 1 वर्ष से गड्ढे की मरम्मत अभी तक कोई ठेकेदार द्वारा नहीं की गई।

## मिर्जापुर में दिखेगा आष्टा का हुनर



**आष्टा।** वेब सीरिज मिर्जापुर में आष्टा के रहने वाले अजहर कुरैशी ऊर्फ लक्की नजर आएंगे। 16 साल से फिल्म इंडस्ट्रीज में अलग-अलग काम करने के बाद यह अजहर की दूसरी मुख्य फिल्म है। इसके पहले अजहर कटहल फिल्म में मुख्य भूमिका में काम कर चुके है। सीरिज में वाल्मीकि की भूमिका निभा रहे। अजहर ने बताया की मूलतः आष्टा के निवासी है उनकी शिक्षा पुष्प हायर सेकंडरी स्कूल से हुई है। उनकी माताजी आष्टा सिविल अस्पताल में सेवाए देते हुए हेड नर्स के पद पर सेवानिवृत हुई है। अजहर 9 साल तक एसएएफ में सेवाएं दे चुके है। उनके अनुसार इतने बड़े कलाकारों के साथ काम करना सुखद अनुभव था। सबसे कुछ न कुछ सीखने को मिला। वेब सीरिज के डायरेक्टर गुरमीत सिंह है। साथ ही इसमें सिनेमा जगत के मशहूर कलाकार पंकज त्रिपाठी, विजय वर्मा, स्वेता त्रिपाठी ने अभिनय किया है।

## सीलखेड़ा में दूर होगी पानी की किल्लत: नर्मदा पाइप लाइन का काम शुरू, जल्द घर-घर तक पहुंचेगा जल

**सीहोर।** जिले की ग्राम पंचायत सीलखेड़ा में नर्मदा पाइप लाइन डालने के लिए खुदाई शुरू हो गई है। अभी तक गांव के लोगों को पानी की समस्या से जूझना पड़ता था। गर्मी के दिनों में जल स्तर गिरने से ग्रामीणों को दूर-दूर से पानी लाना पड़ता है। गांव के पटेल महेश मीना, कपिल, अरुण ने बताया कि नर्मदा लाइन से पानी को लेकर जो समस्या थी वह अब उसका समाधान हो जाएगा। पीने के पानी के लिए दूर-दूर तक भटकना पड़ता था, अब भटकना नहीं पड़ेगा। वहीं, ग्रामीणों में नर्मदा लाइन को लेकर काफी उत्साह देखा जा रहा है।



## कृष्ण भक्ति में लीन हों व्यसनमुक्त जीवन जिएं

**आष्टा।** भारतीय संस्कृति में नामकरण के पीछे भी अध्यात्म और श्रद्धा का ध्यान रखा जाता है। दिवंगत जमना बाई सचमुच ही पुण्य सलिला यमुना के भांति ही होंगी। जिन्होंने कृष्ण भक्ति और स्वामीनारायण सम्प्रदाय की शिक्षाओं को आत्मसात कर परिवार को धर्मानुरागी और आत्मनिर्भर बनाया। उनके देहावसान से निश्चित ही उनकी कमी अनुभव में आएगी। एक मां के रूप में उनके दिए हुए संस्कारों को आगे बढ़ाना ही सभी परिजनों का कर्त्तव्य होना चाहिए। यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। स्वामी नारायण सम्प्रदाय व्यसन मुक्त जीवन और वैष्णव भक्ति धर्म के लिए जाना जाता है।

# आचार्य विद्यासागर के शिष्य का श्री आदिनाथ तीर्थ धाम क्षेत्र में हुआ मंगल प्रवेश, अब जाएंगे आष्टा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोठरी



इछावर जनपद के श्री आदिनाथ तीर्थ धाम अमलाहा में गुरुवार को मुनि श्री प्रमाण सागर महाराज का ससंघ आगमन हुआ। यहां जैन समाज के साथ सभी ने मंगल आगवानी की।

सीहोर विधायक सुदेश राय, सीहोर के समाज के अध्यक्ष अजय जैन सहित अन्य लोगों ने मुनिश्री से आशीर्वाद लिया। आचार्य विद्यासागर के शिष्य मुनि श्री प्रमाण सागर महाराज ससंघ आष्टा जा रहे हैं। माना जा रहा है कि इस बार मुनि श्री का चातुर्मास आष्टा में ही होगा। मुनिश्री के आगमन सूचना पर बड़ी संख्या में जैन समाज के लोग अमलाह पहुंचे। उन्होंने दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इस मौके पर पूर्व सरपंच दीपक जायसवाल, विमल, विकास गोधा, पंकज अशोका गार्डन, कैलाश, मुकेश बड़जात्या, शिखरचंद अमलाहा, दीपचंद कोठरी, रमेश रनायल, महिपाल धामन्दा, अनुज सीहोर आदि ने मुनि श्री पाद प्रक्षालन का लाभ लिया। मुनिश्री ने अमलाहा पब्लिक स्कूल हुए कार्यक्रम के दौरान लोगों की शंका समाधान किया।

# कार्यशाला में समाज को शारीरिक शिक्षा, खेल व योग विज्ञान से सशक्त बनाने के लिए गुर बताए

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



समकालीन भारतीय समाज को शारीरिक शिक्षा, खेल और योग विज्ञान के माध्यम से सशक्त बनाने हेतु शासकीय महाविद्यालय जावर नगर में ऑनलाइन राष्ट्रीय वेबीनर आयोजित हुई। शासकीय महाविद्यालय जावर नगर जिला सीहोर में पांच जुलाई को शारीरिक शिक्षा और खेल विभाग के साथ आईक्यूएसी के तत्वावधान में एक दिवसीय राष्ट्रीय ऑनलाइन वेबीनार का सफल आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय स्तर के विषय विशेषज्ञ सम्मिलित हुए। वेबीनार का विषय समकालीन भारतीय समाज को शारीरिक शिक्षा, खेल और योग विज्ञान के माध्यम से सशक्त बनाना था। इस वेबीनार में प्रोफेसर संदीप तिवारी (ऑफिशिएटिंग प्रिंसिपल दिल्ली यूनिवर्सिटी) द्वारा तनाव मूल्यांकन एवं समाधान विषय पर प्रभावषील व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। डॉ. गौरव कुमार सिंह (सहायक प्राध्यापक, सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ साउथ बिहार, गया।

द्वारा प्रस्तुत व्याख्यान में यह बताया गया कि एक स्वस्थ जीवन में योग कैसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। डॉ. देवेन्द्र प्रकाष सहायक प्राध्यापक, गांधी स्मारक डिग्री कॉलेज मुरादाबाद उत्तरप्रदेश द्वारा भारत में क्रीड़ा आधारभूत संरचना की स्थिति और सुधार के संबंध में व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। इस वेबीनार में थीम से संबंधित विभिन्न विषयों पर विद्वानों द्वारा रिसर्च पेपर प्रस्तुत किए गए। वेबीनार को प्राचार्य नरेन्द्र कुमार शुक्ल के मार्गदर्शन में नीतू परवाल क्रीड़ा अधिकारी एवं विशाल करंदीकर आईक्यूएसी प्रभारी द्वारा संचालित किया गया। इस आयोजित वेबीनार में विभिन्न राज्यों व महाविद्यालयों से प्रतिभागी व विद्यार्थी सम्मिलित हुए।

### हिंदुओं को संसद में हिंसक कहने पर भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चे ने राहुल गांधी का पुतला फूंका

# राहुल गांधी अपने बयान पर हिंदुओं से माफी मांगें: संजीव सोनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

विगत दिवस देश की संसद में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने हिंदुओं को हिंसक झूठ फैलाने वाला कहा इसमें हिंदू समाज आहत है भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा नगर आस्था द्वारा कृषि उपज मंडी के बाहर राहुल गांधी के पुतले के साथ आक्रोश नारेबाजी करते हुए भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य संजीव सोनी पांचम के नेतृत्व में राहुल गांधी का पुतला फूंका गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य संजीव सोनी पंचम ने कहा कि हिंदुओं का इतिहास साक्षी है हिंदुओं ने न तो मोबाइल जैसी घटना की है न भारत विभाजन पर मार काट की है न देश में कभी हिंसा की है।

विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने संपूर्ण हिंदू समाज को हिंसक एवं झूठ फैलाने वाला कहा है जबकि कभी भी किसी हिंदू ने न तो उकत्कृत किया है ना देश के इतिहास में कभी किसी हिंदू राजा ने किसी मुस्लिम ईसाई राज्य पर आक्रमण किया विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने अपनी मानसिकता बताते हुए हिंदू समाज का अपमान किया है



जबकि इनका 99 सीट मिली है।

अगर यह देश मे कांग्रेस की सरकार बन जाती तो ये हिंदुओं पर कितना अत्याचार होता यह इनकी मानसिकता और सच बताती है चुनाव के समय नकली हिंदू बनने का ढोंग करने वाले राहुल गांधी को हिंदू समाज सबक सिखा के रहेगा राहुल गांधी ने संसद में जिस तरह से हिंदू का अपमान किया है वह कभी भी हिंदू समाज उन्हें माफ नहीं करेगा राहुल गांधी को हिंदू समाज से माफी मांगनी होगी इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी मुर्दाबाद राहुल गांधी हिंदुओं से माफी मांगों के नारे लगाए।

वही कार्यकर्ताओं को भाजपा नगर महामंत्री धनरूप जैन ने भी संबोधित किया एवं राहुल गांधी से माफी मांगने को कहा कार्यक्रम का संचालन नगर अध्यक्ष डॉ महेश मेवाड़ा ने किया इस अवसर पर भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य संजीव सोनी वरिष्ठ भाजपा नेता मनोहर लाल भोजवानी जिला सह कार्यालय मंत्री उमेश शर्मा कोमल जैन नगर महामंत्री धनरूप मल जैन जुगल किशोर मालवीय किसान मोर्चा नगर अध्यक्ष लखन पाटीदार भाजपा नगर उपाध्यक्ष कमल ताम्रकार राजेंद्र सिंह ठाकुर मुरावर पूर्व पार्षद भागवत मेवाड़ा युवा नेता कृष्ण मंडलोई अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष सुनील सिरोठिया धीरज सोनी सोनू जितेंद्र कुशवाहा अभिराज पटारा आदित्य जैन सुशील यादव नितेश महाकाल धर्मेंद्र मेवाडा राधे श्याम आलेरिया मनोहर बैरागी जीतमल बगवान पूर्व पार्षद रमेश मालवीय शोभा सिंह मालवी बाबू कुशवाहा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# इनरव्हील क्लब ने किया डॉक्टरों का सम्मान




हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

डॉक्टर्स डे के उपलक्ष में इनर व्हील क्लब आष्टा द्वारा सिविल अस्पताल में जाकर सभी डॉक्टर का सम्मान किया गया। जिसमें डॉक्टर जीडी सोनी, डॉ अर्चना सोनी व डॉ अतुल उपाध्याय सहित सभी डॉक्टर मौजूद थे। इनरव्हील क्लब के मेंबर्स अध्यक्ष रीना शर्मा, सचिव सुनीता सोनी, उपाध्यक्ष संगीता सोनी, कोषाध्यक्ष आशा सोनी, एडिटर श्रद्धा पालीवाल व क्लब के अन्य सदस्य पदमा कासलीवाल, विद्या खंडेलवाल, चंदा बोहरा, जय श्री शर्मा, दीपिका सोनी आदि सभी मेंबर्स मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन मंदाकिनी कासलीवाल ने किया। उपरोक्त कार्यक्रम में दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल आस्था के बच्चे भी मौजूद थे। जिन्होंने भी डॉक्टर का सम्मान किया।

## पहली ही बारिश में क्षतिग्रस्त हुई एप्रोच रोड, पेचिंग के अर्थवर्क में भी आई दरारें


# प्रधानमंत्री सड़क की पुलिया निर्माण में उजागर हुई लापरवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

भारत सरकार एवं मप्र शासन द्वारा वित्त पोषित प्रधानमंत्री सड़कों एवं उनके पुल-पुलिया निर्माण में पूर्व में अनेकों स्थानों से शिकायतें मिल चुकी हैं। निर्माण एजेंसी के कार्यों पर विभागीय मॉनिटरिंग न होने से वे घटिया काम कर जाते हैं जिसका खामियाजा बाद में वाहन चालकों के साथ ही स्थानीय लोगों को परेशानियों के रूप में भुगतना पड़ता है। टोड़ी से लसुड़लिया मीना गांव तक कुछ ही माह पूर्व प्रधानमंत्री सड़क के तहत सड़क का निर्माण करवाया गया है। इस सड़क के बीच के एक नाले पर पुल भी बनाया गया है। हालिया बने इस पुल की एप्रोच रोड के दोनों तरफ अर्थवर्क में बड़ी-बड़ी दरारें आ चुकी हैं। इसके साथ ही पुलिया के समीप बनी प्रोटेक्शन वाल में की दीवार में भी दरारें पड़ चुकी हैं।

समीप की ही डामरीकृत सड़क ने भी बैठक ले ली है और वहां मोटी-मोटी दरारें पड़ चुकी हैं। ग्रामीण निरपत सिंह लोधी, प्रकाश धनगर, कमल सिंह सहित अन्य ने बताया कि निर्माण के समय उन्होंने एजेंसी से घटिया काम व मटेरियल की शिकायत की थी लेकिन उनके द्वारा कोई बात नहीं सुनी गई। उस समय किया गया घटिया निर्माण अब जाहिर होकर सामने आ चुका है।

### प्रोटेक्शन वॉल में भी रिपेयरिंग की दरकार





### उच्चाधिकारियों से करेंगे शिकायत

टोड़ी निवासी ग्रामीण जयपाल सिंह खिंची ने बताया कि करीब ढाई करोड़ की लागत से उक्त सड़क व पुलिया का निर्माण विभाग ने करवाया है। लेकिन, जिम्मेदारों ने ठेकेदार के कामों पर तनिक भी ध्यान नहीं दिया। यही कारण है कि पहली बारिश ही यह घटिया निर्माण नहीं झेल पाया है। इस बात की शिकायत अब राजधानी दिल्ली स्थित प्रधानमंत्री सड़क के हेड ऑफिस में की जा रही है। खिंची ने बताया कि फिलहाल उनकी मांग है कि चूंकि, सड़क ग्यारंटी पीरियेड में है और आगामी पांच सालों तक निर्माण एजेंसी को ही इसका रख-रखाव करना है। ऐसे में तुरंत रिपेयरिंग कार्य करवाया जाए, ताकि किसी तरह का बड़ा नुकसान या जनहानि होने से बच सके।

### अधिकारी से नहीं हो पाया संपर्क

उक्त घटिया निर्माण को लेकर हरिभूमि ने प्रधानमंत्री सड़क योजना के जीएम संजय श्रीवास्तव से अनेकों बार संपर्क करना चाहा। लेकिन, उनसे बातचीत नहीं हो पाई। टोड़ी सहित आसपास के अन्य ग्रामों के ग्रामीणों ने मांग की है कि जल्द रिपेयरिंग करवाई जाए अन्यथा वे सड़क पर आकर प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

# नर्सिंग केंद्र परिसर में खड़े वाहन के नए टायर बदलकर लगा दिए पुराने

## जिला अस्पताल के शासकीय वाहन का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़




जिला अस्पताल प्रबंधन के पास अनेकों शासकीय वाहन हैं। इन्हीं में से एक क्वालिस वाहन इन दिनों जीएनएम नर्सिंग केंद्र परिसर में खड़ा हुआ है। कुछ माह पूर्व तत्कालीन सीएमएचओ डॉ. दीपक पिप्पल के कार्यकाल के दौरान इस क्वालिस वाहन के चारों टायर खराब होने पर खरीदी करते हुए नए टायर लगवाए गए थे।

उक्त चारों नए टायरों को अज्ञात व्यक्ति द्वारा खोलकर उनके स्थान पर पुराने टायर लगा दिए गए हैं। यह कार्य प्रथम दृष्टया किसी चोर का नहीं जान पड़ रहा, क्योंकि चोर टायर खोलकर ले जाते लेकिन उनकी जगह पर दूसरे टायर नहीं लगाते। ऐसे में आशंका है कि विभाग के ही किसी व्यक्ति द्वारा उक्त कृत्य किया गया है। हालांकि, अब यह जांच का विषय है कि नए टायरों को खोलकर कौन ले गया। जीएनएम केंद्र में लगे सीसीटीवी फुटेज से सबकुछ साफ जाहिर होकर सामने आ सकता है।

**इनका कहना है...**

यह जानकारी नहीं है कि किसने टायर बदल दिए हैं। हां, टायर जरूर हमने नए लगवाए थे। मामले को दिखवाता हूं।

- **बिहारी बाबू,** वाहन प्रभारी, जिला अस्पताल राजगढ़

# पेवर्स लगवाने पर पार्षद का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



*नगर के वार्ड नं 10 में बुनियादी स्कूल के पास इमामबाड़े वाली गली में वार्ड पार्षद इकबाल हुसैन द्वारा पेवर्स ब्लाक लगवाए गए, जिसकी इब्तिदा भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिला महामंत्री सैयद वकार अली द्वारा की गई एवं सभी मोहल्लेवासियों द्वारा वार्ड पार्षद का स्वागत कर शुक्रिया अदा किया।*

# गर्ल्स कॉलेज में दीक्षारंभ समारोह मनाया, छात्राओं को दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा




गर्ल्स कॉलेज में गुरुवार को दीक्षारंभ समारोह मनाया गया। नव प्रवेशित विद्यार्थियों का संस्था प्रमुख प्राचार्य डॉ नीता पांडे द्वारा स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापक डॉक्टर विनीता प्रजापति दीक्षारंभ प्रभारी द्वारा कार्यक्रम की शुरुआत नवप्रवेशित विद्यार्थियों के स्वागत भाषण से की गई। महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों द्वारा छात्रों को अपना परिचय दिया गया। प्रोफेसर रामाशीष यादव सहायक प्राध्यापक भौतिकी द्वारा छात्राओं को प्रवेश नियम, प्रयोगशाला, पुस्तकालय संबंधी जानकारी प्रदान की गई। डॉ संध्या जैन प्राध्यापक समाजशास्त्र ने छात्राओं को संबोधित करते हुए सामाजिक गतिविधियों स्नेह सम्मेलन, युवा उत्सव एवं कला संकाय संबंधी जानकारी प्रदान की। महाविद्यालय की एनसीसी अधिकारी द्वारा छात्राओं को एनसीसी एवं एनएसएस संबंधी जानकारी दी गई एवं उसका महत्व समझाया गया उससे क्या-क्या फायदे हैं इसको भी विस्तार से बताया छात्राओं को बताया। कुंदन रारैया ने खेल, छात्रवृत्ति संबंधी जानकारी देते हुए छात्राओं को प्रतिदिन महाविद्यालय आने के लिए भी प्रेरित किया। सभी छात्राओं को एनईपी 2020, शोध, विषय वस्तु की विस्तार से जानकारी प्रदान की गई।

# मालिक के शव वाहन के साथ मुक्तिधाम तक दौड़ता रहा कुत्ता

## राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक नागर का निधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



पशओं में भी इंसान की माफिक मानवीय संवेदनाएं हुआ करती हैं। यह बात शुक्रवार को उस समय पुनः चरितार्थ हुई जब एक शिक्षक के निधन उपरान्त उनका पालतू कुत्ता शव वाहन के पीछे-पीछे 3 किमी तक दौड़ता हुआ मुक्तिधाम तक पहुंच गया और अंतिम क्रिया तक वहीं बैठा रहा। जिसने भी इस दृष्य को देखा वो भावुक हो उठा।

राजगढ़ के हायर सेकन्ड्री स्कूल में अनेकों वर्ष अंग्रेजी विषय के व्याख्याता रहे, पूर्व डीपीसी एवं कथावाचक शिक्षक केके नागर का शुक्रवार रात्रि निधन हो गया। वे काफी समय से बीमारी से जूझ रहे थे। उनके निधन का समाचार सुनते ही समूचे राजगढ़ नगर में शोक की लहर दौड़ गई। शुक्रवार को अंतिम क्रिया के लिए उनके शव को खुजनेर रोड से बांसवाड़ा स्थित मुख्य मुक्तिधाम ले जाने की तैयारी हुई। स्व. नागर एक कुत्ते को रोजाना रोटियां दिया करते थे। जब शव वाहन मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान हुआ तो वह कुत्ता भी वाहन के साथ-साथ दौड़ लगाने लगा और करीब 3 किती के सफर तक मुक्तिधाम तक दौड़ता रहा। शवयात्रा के साथ चल रहे सैकड़ों लोग इस बात की साक्षी बने। मृत्यु तक साथ निभाने की कुत्ते की यह वफादारी सोशल मीडिया पर पूरी दिन वायरल होती रही।

### बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे स्व. नागर

दिवंगत नागर अपने सरल स्वभाव के कारण समूचे राजगढ़ के लोकप्रिय व्यक्तित्व के रूप में अपनी पहचान रखते थे। अनेकों उपलब्धियों के चलते राष्ट्रपति पुरस्कार भी उन्हें मिल चुका था। अनेकों समारोह में मंच संचालक के रूप में उनकी प्रतिभा हमेशा जानी जाती थी। गत वर्ष नगर के श्री अंजनीलाल धाम मंदिर में उन्हें कथावाचक के रूप में भागवत कथा का श्रवण भी भक्तों को करवाया। वर्तमान में वे ब्लॉक के पाड़ियाखेड़ी हाईस्कूल में बतौर व्याख्याता पदस्थ थे।

# अमरनाथ यात्रा के जत्थे को विधायक ने शुभकामनाएं देकर किया रवाना




**कुरावर।** नगर में शुक्रवार को हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बाबा बर्फानी के दर्शन करने के लिए 23 सदस्यी समूह का भक्तों का जत्था कुरावर से रवाना हुआ। भक्तों को शुभकामनाएं देने के लिए मंगल यात्रा की प्रार्थना को लेकर विधायक मोहन शर्मा भोपाल स्टेशन पहुंचे, जहां उन्होंने सभी भक्तों को शुभकामनाएं दी। साथ ही यात्रा में होने वाली सावधानियां के बारे में बताया। इससे पूर्व कुरावर से नगर परिषद अध्यक्ष एवं सांसद प्रतिनिधि बाला प्रसाद चंद्रवंशी ने अमरनाथ यात्रा को जाने वाले जत्थे के सदस्यों को पुष्प माला पहना कर उनको रवाना किया इन दोनों भाजपा नेता कैलाश राज, पार्षद कमल दला, सचिन गिरी, राजकुमार चैकसे, भूपेंद्र सिंह भदोरिया, हेमराज चैधरी आदि उपस्थित थे। अमरनाथ यात्रा को जाने वाले ओम शर्मा, पार्षद प्रतिनिधि राजेश पटेल, रामेश्वर नगीना, संतोष पटेल, उपेंद्र सिंह भदोरिया, आशीष शर्मा, राकेश मीणा, कमल बाबा, रामा मैनपुरिया, कपिल मंडलोई, विनोद पटेल ,चेतन छाबड़ा, मनोज मीणा, दिव्यांशु शर्मा, रोहित चंद्रवंशी, पुलिस कर्मी राजेश यादव, प्रदीप बैरागी आदि शामिल थे।

## घर से लापता हुई महिला पुलिस ने मामला दर्ज किया

**जीरापुर।** समीपवर्ती ग्राम लक्ष्मणपुरा (खेड़ा) से एक विवाहित घर से बिना बताए ही निकल गई। जिसका कोई सुराग नहीं लग सका है। लक्ष्मलपुरा ( खेड़ा) निवासी नानूराम पिता रतनलाल नायक उम्र 27 वर्ष ने दर्ज रिपोर्ट में बताया की मेरी पत्नी सपना नायक अपने घर से बीते बुधवार की दोपहर में कहीं चली गई। इसके बाद से ही उसका कोई पता नहीं चला। महिला की तलाश में पति ने परिजनों से नाते-रिश्तेदारों से लेकर मायके तक तलाश किया, लेकिन महिला का कहीं कोई पता नहीं चला। जब पता नहीं चला तो थाने पहुंचकर महिला की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया।

## आरोपी गिरफ्तार

**विदिशा।** शमशाबाद पुलिस ने एक साल से फरार बलात्कार के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पाक्सो एक्ट का आरोपी अभिषेक उर्फ अभिताप पिता श्याम सपेरा निवासी ग्राम सराना थाना नरसिंहगढ़ जिला राजगढ़ पिछले 1 साल से फरार था।

# नपा ने स्वच्छ भारत अभियान को लेकर जन जागरूकता अभियान चलाया




**सारंगपुर।** भारत सरकार द्वारा स्वच्छ भारत मिशन अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत वर्तमान में स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 प्रचलित है। जिसमें शासन के निर्देशानुसार नगरी निकायों में 25 जून से 23 जुलाई 2024 तक शहरी स्वच्छता आधारित एक दिवसीय सफाई अभियान चलाए जा रहे हैं। जिसके अंतर्गत नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी एलएस डोडिया के निर्देशानुसार होम कम्पोस्टिंग अभियान चलाया गया ओर लोगों को पम्पलेट बाट कर अपने घरों के किचन तथा बगीचे से निकलने वाले कचरे जैसे फल फ्रूट सब्जी फूलो की पत्तियों आदि से खाद बनाने की प्रक्रिया के बारे में समझाया गया। साथ ही होम कम्पोस्ट को विक्रय किया जिसमें लगभग 9 लोगो से 600 रुपये की राशि वसूल की गई। उक्त अभियान में नगर पालिका में स्वच्छता नोडल अधिकारी रीना सिंह गुप्ता, उपयंत्री विक्की ब्राह्मणे, अशोक दीक्षित, स्वच्छता प्रभारी सतीश कंडारे दरोगा जितेंद्र भेरवे मनीष गिरजे अशोक खटक सहित नगर पालिका कर्मचारीगण सहयोगी संस्था आधार फाउंडेशन उपस्थित थे।

## करंट के फैले वायरों से दो मासूम झुलसे

# मौत का जाल, सारंगपुर के मुकेरवाड़ी में खुलेआम हो रही बिजली की चोरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

शहर के कई मोहल्लों कालोनी में इन दिनों खुलेआम ट्रांसफार्मरों खंबो पर बिजली के तार डाल बिजली चोरी की जा रही है। इन खुले तारों से निवासरत लोगों पर मौत का साया मंडराता हुआ नजर आता है। हाल ही में वार्ड क्रमांक 15 मुकेरवाड़ी में शुक्रवार को कब्रस्तान के समीप खेल रहे दो मासूम बच्चों को इन बिजली के तारों से झुलसे ने की जानकारी मिली है। हालांकि समय रहते परिजनों द्वारा बच्चों को सिविल अस्पताल में भर्ती करने से बालकों को ड्यूटी चिकत्सक डॉक्टर नयन नागर द्वारा उपचार कर दिया है।

जानकारी अनुसार नयापुरा निवासी जिशान पिता सलमान तथा रेजान पिता एजाज घर के समीप मुकेरवाडी कब्रस्तान के पास खेल रहें थे। उस दौरान दोनों बिजली के तार के चपेट में आने से बुरी तरह झुलस गए। बताया जा रहा है कि बच्चों के घर के समीपस्थ कब्रस्तान में विधुत पोल पर ट्रांसफार्मर लगा हुआ है, अवैध रूप से बिजली के तार डले होने के कारण अक्सर यहां हादसे का अंदेशा बना रहता है।

## नवयुवक, जनप्रतिनिधि सहित छात्र-छात्राएं रही उपस्थित

# नए कानून अधिनियम से लोगों को जागरूक करने रखी गई थाना परिसर में कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर

भारतीय संविधान में शासन द्वारा पुराने अधिनियम में संशोधन कर नया कानून देशभर में 1 जुलाई सोमवार से लागू किए गए हैं को लेकर दोपहर 1 बजे थाना परिसर में कार्यशाला का आयोजन किया गया।

तीन नए आपराधिक कानूनों के बारे में अभिभाषक संघ के अध्यक्ष महेश पीपलोटिया ने अपने उद्बोधन में कानून में हुए संशोधन ओर नवीनीकरण को समझाते हुए कहा संसद द्वारा संविधान में संशोधन करने से विशेष कर महिलाओं को सुविधा होगी, पहले के समय में एफ आई आर लिखाने थाना में जाकर रिपोर्ट दर्ज करानी पड़ती थी लेकिन अब घटना स्थल से ही व्हाट्सएप, फेसबुक, पुलिस की साइड पर जाकर ऑनलाइन रिपोर्ट दर्ज कर सकेंगे, इससे अपराध कम होगा ओर विशेष कर महिलाओं को सुविधा होगी।

सुशील कुमार एसडी एम ने अपने उद्बोधन में कहा संसद द्वारा समय की आवश्यकता अनुसार संविधान में संशोधन किया गया है, जिससे लोगों को काफी सहूलियत होगी वही अपराधों में भी कमी आएगी तथा पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही में पारदर्शिता होगी अर्थात अपनी की गई रिपोर्ट पर क्या कार्यवाही हुई हितग्राही को समय-समय पर जानकारी मिलती रहेगी । धाराओं में हुए विभिन्न परिवर्तनों को समझाते हुए कहा कि नवयुवक पीढ़ी कानून को समझे ओर अपराधों से बचें ओर अपने मौलिक अधिकारों का उपयोग कर ईमानदारी से अपने जीवन को निर्वाह करें।

### ये उपस्थित रहे

इस दौरान कार्यक्रम में एसडीम सुशील कुमार, तहसीलदार सोनू गुप्ता, थाना प्रभारी रघुवीर सिंह धाकड़ सहित अभिभाषक संघ के अध्यक्ष महेश पीपलोटिया ,संगठन के समस्त अभिभाषक, पूर्व नपा अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता,ओम गुप्ता, विजय शर्मा , भाजपा मंडल अध्यक्ष बद्री लाल दांगी आदि भाजपा कार्यकर्ता गण, विद्यालय के छात्र-छात्राएं, पत्रकार गण उपस्थित रहे।

## बिना नंबर के ही चल पड़ीं सीएम राइज स्कूल की बसें

**विदिशा।** बरईपुरा स्थित सीएम राइज स्कूल में संचालित स्कूल बसों के न तो नंबर हैं न ही परमिट और न फिटनेस। रोजाना दूरदराज से सैकड़ों बच्चों को 6 बस स्कूल लेकर पहुंचती हैं और घर छोड़ती हैं। अप्रिय घटना होने पर न तो बस चालक न संचालक और न ही ठेकेदार का पता चल सकेगा। इधर बस चालकों का कहना है कि बसों के कागज हैं पर ठेकेदार के पास रखे हुए हैं। 27 जून को कलेक्टर सहित अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में बरईपुरा सीएम राइज स्कूल में बसों का संचालन प्रारंभ कराया गया है। इसके पूर्व विदिशा जिले के ग्यारसपुर सीएम राइज स्कूल में भी पांच बसों का संचालन शुरू हुआ। विदिशा में कुल 6 बस शुरू हुई हैं। स्कूल प्राचार्य और जिला शिक्षा अधिकारी इस मामले में अनभिज्ञता जता रहे हैं। वहीं जिला शिक्षाधिकारी आरके ठाकुर का कहना है कि इस संबंध में अनुबंध की शर्तों का अवलोकन किया जाएगा।

# बीना-ग्वालियर पैसेंजर ट्रेन में सफर कर रही महिला के लाखों के जेवरात चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

बीना-ग्वालियर पैसेन्जर ट्रेन में सफर कर रही एक महिला की लाखों रुपए की ज्वेलरी गुना-म्याना के बीच अज्ञात तीन बदमाश चोरी कर ले गए। महिला शिवपुरी निवासी बताई जाती है। जो गत दिवस गुना से पैसेंजर ट्रेन में सवार होकर शिवपुरी जा रही थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादिया ज्योति गर्ग पत्नी प्रदीप गर्ग निवासी शिवपुरी ने जीआरपी पुलिस को शिकायत दर्ज कराई कि गत दिवस वह बीना ग्वालियर पैसेन्जर के जनरल कोच से गुना स्टेशन से शिवपुरी की यात्रा कर रही थी। यात्रा के दौरान रेलवे स्टेशन गुना से निकलने के बाद उसने अपना बैग सामने ऊपर वाली सीट पर रख दिया था। दो तीन लोग उस सीट के ऊपर बैठे थे। ट्रेन म्याना स्टेशन पर खड़ी हुई तो ऊपर बैठे यात्री उतर कर नीचे चले गए। वहीं उनका बैग ऊपर ही रखा था। इसके बाद उस सीट पर कोई यात्री नहीं बैठा। जब वह अपने घर शिवपुरी जाकर बैग देखा तो उसमे प्लास्टिक की थैली मे रखा सामान गायब था। जिसमें एक रानीहार 2-3 तोला, मंगलसूत्र 3 ग्राम, चार चूडी 1-1 तोला, चांदी की पायल 3 जोडी 250 ग्राम, पेण्डल जिसमे 10 मोती थे 3 ग्राम, अंगूठी 2-3 ग्राम आदि जेवरात चोरी हो गए। मामले में पुलिस ने आरोपियों पर मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

### जिले में अब तक 212.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**गुना।** जिले में 1 जून से अब तक 212.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है, जो कि सामान्य वर्षा का 20.2 प्रतिशत है। जिले में गत वर्ष इसी अवधि में 204.7 औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1053.5 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 1 जून से 5 जुलाई प्रातः 8 बजे तक जिले के वर्षामापी केन्द्र गुना में 156.2 मिमी, बमौरी में 186.0, आरोन में 107.0, राघौगढ़ में 355.0, चाचौड़ा में 238.0, कुम्भराज में 240.0 तथा वर्षा मापी केन्द्र मक्सूदनगढ में 206.1 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।